कार्यालय प्रभागीय निदेशक, सामाजिकवानिकीप्रभागमुजफ्फरनगर।

पत्रांक– 2387 /295 दिनांक, मुजफ्फरनगर, 05/02/ 2024 ।

सेवामें,

डॉक्टर बलकार सिंह
सचिव नमामि गंगे तथा ग्रामीण
जलापूर्ति विभाग / परियोजना निदेशक
राज्य स्वच्छ गंगा मिशन– उ0प्र0 ।

विषयः– मा राष्ट्रीय हरित अधिकरण, नई दिल्ली योजित ओए–संख्य 632 / 2022 श्री वी के त्यागी बनाम उत्तराखंड राज्य एवं अन्य मे परित आदेश दिनांक 05.07.2023 के अनुपालन के संबंध में ।

संदर्भ– राज्य स्वच्छ गंगा मिशन लखनऊ उत्तर प्रदेश नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की पत्र संख्या–63/768(4)/SMCG/02 दिनांक 12.01.2024।

महोदय,

आपके उपरोक्त संदर्भित पत्र के क्रम में सिंचाई विभाग एवं जल निगम से समन्वय करते हुए जनपद मुज़फ्फरनगर से सम्बंधित बिंदुवार सुचना आपकी सेवा में प्रेषित है।

1. सोलानी नदी शिवालिक पर्वत की पहाड़ियों से निकल कर उत्तराखण्ड राज्य से उत्तर प्रदेश राज्य के जनपद मुजफ्फरनगर के ग्राम बुलाकीपुर के पास प्रवेश करती है।सोलानी नदी जनपद मुजफ्फरनगर में 40.00 किमी लम्बाई में बहती है जो तीर्थ स्थल शुक्रताल से होकर गुजरते हुए गंगा नदी पर बने बिजनौर बैराज के ऊपर गंगा नदी में समाहित हो जाती है।

2. उपरोक्त पारित आदेश के क्रम में अवगत कराना है कि उत्तर प्रदेश राज्य के जनपद मुजफ्फरनगर में सोलानी नदी पर कोई अतिक्रमण नहीं किया गया है।

3. जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद मुज़फ्फरनगर की सीमा में सोनाली नदी में कोई अनुपचारित सीवेज नहीं छोड़ा जाता है, केवल बरसात के मौसम में कुछ बरसाती नालों का पानी नदी में गिरता है जिसका मछलियों और अन्य जल जीवों पर कोई बुरा प्रभाव नहीं पड़ता है।

4. जनपद मुजफ्फरनगर में सोलानी नदी पर पानी निकालने के लिए बैराज एवं वियर टाईप की कोई स्ट्रक्चर का निर्माण नहीं किया गया है एवं सोलानी नदी से कही पर भी पानी नहीं निकाला जाता है। अतः जनपद मुजफ्फरनगर की सीमा में सोलानी नदी के कैचमेन्ट का पानी नदी में ही आता है अतः सोलानी नदी में ई–फ्लो बना रहता है।

इसके अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि गंगा जल की 150–200 क्यूसैक मात्रा शुक्रतीर्थ स्थल के लिए हरकीपैड़ी (हरिद्वार) से 20 किमी. समानान्तर गंगा कैनाल के माध्यम से एवं 17.00 किमी. रतमऊ नदी से चलकर सोलानी नदी में संगम होने के उपरान्त सोलानी नदी में 61.00 किमी. चलकर शुकतीर्थ स्थल पर पहुँच रहा है। जो सोलानी नदी ई–फ्लो को बढ़ाने में सहायक हो रहा है।

जनपद मुजफ्फरनगर में सोलानी नदी का जहाँ पर सिल्ट / ठैक जमा होने से अवरूद्ध हो गया है वहाँ से सिल्ट / ठैक हटाने का कार्य करा दिया गया है। जनपद मुजफ्फरनगर में सोलानी नदी के जल प्रवाह में कोई रूकावट नहीं है।

आख्या सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीय,

(कन्हैया पटेल)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
मुजफ्फरनगर।

संख्या / दिनांकित।

प्रतिलिपि जिलाधिकारी / अध्यक्ष जिला गंगा समिति महोदय मुजफ्फरनगर की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।
प्रतिलिपि मुख्य विकास अधिकारी मुजफ्फरनगर को सूचनार्थ हेतु प्रेषित।

(कन्हैया पटेल)
प्रभागीय निदेशक
सामाजिक वानिकी प्रभाग
मुजफ्फरनगर।